# गुरु गोविंद सिंह पब्लिक स्कूल, चास (बोकारो)

कक्षा:-३ परियोजना कार्य:- १४ दिनांक:- २०-०७-२०

विषय:- हिंदी सत्र:- २०२०-२०२१

- सभी कार्य अपनी कक्षा कार्य कॉपी में करें।

## हिंदी व्याकरण

## पाठ:-5 ( सर्वनाम)

प्रश्न(1) सर्वनाम की परिभाषा उदाहरण सहित लिखें।

उत्तर:- जो शब्द संज्ञा के स्थान पर प्रयोग होते हैं, उन्हें सर्वनाम कहते हैं। उदाहरण के लिए, वह, उसकी मैं, वे इत्यादि।

प्रश्न(2) इन वाक्यों मे सर्वनाम शब्द छाँट कर लिखो ।

(क) हम कल दिल्ली जाएँगे। हम

(ख) मेरी अध्यापिका उधर बैठी है। मेरी

(ग) उन्होंने खाना खा लिया है। उन्होंने

(घ) आप क्या कर रहे हैं। आप

(ङ) रमा अपने भाई के साथ स्कूल गई। अपने

प्रश्न(3) सही सर्वनाम शब्द चुनकर खाली स्थानों में भरो।

(क) मैं उसका घर नहीं जानता। ( तुम, मैं , वे )

(ख) क्या तुम रमन का घर जानते हो? ( हम, तुम, वे )

(ग) वे घर जा रहे हैं। ( वे, तुम, वह )

(घ) वह कल आएगा। ( वह, वे, तुम )

(ङ) <u>उसके</u> पिताजी किसान है। ( वह, उसके, उन्हें )

प्रश्न(4) निम्नलिखित सर्वनाम शब्दों से वाक्य बनाओ।

(क) मैं – मैं प्रतिदिन विद्यालय जाता हूँ।

(ख) तुम्हारा – तुम्हारा क्या नाम है?

(ग) मुझे - मुझे हरी सब्जियां बहुत पसंद है।

(घ) उन्हें - उन्हें कल दिल्ली जाना है।

(ङ) उसे – उसे सभी प्रश्नों के हल मालूम है।

प्रश्न(5) रंगीन संज्ञा शब्दों की जगह सर्वनाम लिखकर वाक्य दोबारा लिखो।

(क) नम्रता छोटी लड़की है। नम्रता तीसरी कक्षा में पढ़ती है।

<u>नम्रता छोटी लड़की है। वह तीसरी कक्षा में पढ़ती है।</u>

(ख) सुमन और रजनी सगी बहने हैं। सुमन और रजनी अच्छा गाती हैं।

<u>सुमन और रजनी सगी बहने हैं। वे अच्छा गाती हैं।</u>

(ग) राजू मेरा दोस्त है। राजू की माँ अध्यापिका है।

<u>राजू मेरा दोस्त है। उसकी माँ अध्यापिका है।</u>